बीमा और सुरक्षा...

जीवन बीमा खरीदने के दौरान अक्सर होती हैं ये गलतियां

शलभ सक्सेना,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
केनरा एचएसबीसी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

पारंपरिक अहंकार और शुद्ध अज्ञान परिवार के साथ वित्तीय जानकारी साझा करने से एक ठेठ भारतीय को रोकता है। यह पैटर्न एक समान देखा जाता है, चाहे नकदी निवेश या अचल संपत्ति या महत्वपूर्ण जीवन बीमा पॉलिसी के खरीद की बात क्यों न हो? फिर किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के मामले में होता ये है कि परिवार को कागजी कार्रवाई की परेशानी से गुजरना पड़ता है और कुछ मामलों में इन निवेशों का पता ही नहीं चलता। जीवन बीमा वित्तीय सुरक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण निवेश में से एक है और इसे अत्यंत सावधानी से खरीदना चाहिए लेकिन अधिकांश लोग बिना सोचे इसका फैसला करते हैं और गलतियां कर बैठते हैं। आप भी उन गलतियों को न करें इसलिए आइए जानतें है कि बीमा खरीदने से पहले किन बातों का ख्याल रखना चाहिए।



4 श्रेणियों में वर्गीकृत

- **परिवार** के जीवन स्तर को बनाए रखने के लिए
- **बाल** शिक्षा और उनके विवाह के लिए सुरक्षा प्रदान करना
- **अपनी** खुद की सेवानिवृत्ति की योजना
- **अगली** पीढ़ी के लिए अपनी सहज विरासत देना

कम बीमा या बीमित राशि न चुनें

मानव जीवन का मूल्य क्या है? जीवन बीमा पॉलिसी लेना अनिवार्य नही एक कर्तव्य है। कभी भी दायित्व के तहत बीमा नहीं खरीदे, क्योंकि अनजाने में आप उस मूल्य को खो देंगे जो आपके परिवार को चाहिए। हमारे एक दावे के अनुभव में हमने एक ऐसा मामला देखा जहां;नामांकित ने हमें पूछा कि हमने उसके पति को ज्यादा बीमा लेने के लिए क्यों नहीं समझाया। इसलिए मानव मूल्य की गणना करें और पॉलिसी खरीदे तो बीमा राशि पर इस हिसाब से निर्णय करें।

बिना पर्याप्त रिसर्च के पॉलिसी न खरीदे

रिसर्च की अहमियत लाइफ इंश्योरेंस सहित सभी खरीद निर्णयों पर लागू होता है। सीधे शब्दों में कहें तो आपको पता होना चाहिए कि आप क्या खरीद रहे हैं। यदि आपको जीवन बीमा की आवश्यकता है ;जो हर कोई करता है तो आपको पॉलिसी के प्रकार, बीमा अवधि आदि पता होना चाहिए।

जरूरत पहचानें, फिर खरीदें पॉलिसी

हम अपने परिवार को घरेलू सामान या मोबाइल फोन खरीदनेके निर्णय में भी जरूरत को शामिल करते हैं। लेकिन जब लाइफ इंश्योरेंस जैसी महत्वपूर्ण चीज खरीदने की बात आती है तो हम इसे एजेंट या मध्यस्थ पर छोड़ देते हैं। जीवन बीमा खरीदना सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है।